| |
|---|
| दिनांक 20.08.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद भदोही/थाना ज्ञानपुर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना ज्ञानपुर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विरार रोड थाना विरार जनपद पालघर, महाराष्ट्र से पुरस्कार घोषित प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया गया ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गोपीगंज जनपद भदोही पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना ज्ञानपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रमोद कुमार निवासी ग्राम बढौना थाना औराई जनपद भदोही।

## जनपद मऊ/थाना मधुबन

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 20.08.2025 को थाना मधुबन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कटघराशंकर रौजा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त छोटेलाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना मधुबन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मधुबन पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छोटेलाल निवासी ग्राम देवधरिया थाना भीमपुरा जनपद बलिया।

**जनपद मेरठ/थाना नौचंदी**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 304 ग्राम पीली धातु के आभूषण**
- **लूट के 50 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 20.08.2025 को थाना नौचंदी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुर्जर चौक जागृति विहार एक्सटैंशन के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–विश्वजीत 2–मो0फिरोज घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–दुर्गेश कुमार सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 304 ग्राम पीली धातु के आभूषण, लूट के 50 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.08.2025 को थाना नौचंदी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नौचंदी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना नौचंदी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विश्वजीत निवासी देवऋषि एन्क्लेव देहराखास थाना पटेलनगर देहरादून उत्तराखण्ड।

2—मो0फिरोज निवासी सियागढ़ कॉलेज के पास थाना नोडा वाला जनपद पुणे महाराष्ट्र।

3—दुर्गेश कुमार निवासी कायस्थ बाडा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—लूट के 304 ग्राम पीली धातु के आभूषण।

2—लूट के 50 हजार रूपये नगद।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **21 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **24 नाल, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 20.08.2025 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बरवाला जाने वाले रास्ते के पास बने मकान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1—आसिफ 2—मदनपाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 21 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 24 नाल, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आसिफ निवासी ग्राम शेरपुर थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

2—मदनपाल निवासी ग्राम बरवाला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—21 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2—24 नाल, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3— अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे।

4—01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद देवरिया/थाना लार

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **450 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 20.08.2025 को थाना लार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महरौना चेक पोस्ट से 02 अभियुक्तों 1—डबलू कुमार 2—अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 450 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना लार पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—डबलू कुमार निवासी ग्राम जगरनाथपुर थाना कुढनी जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार।

2—अमन कुमार निवासी ग्राम जगरनाथपुर थाना कुढनी जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार।

**बरामदगी**

1—450 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—घटना में प्रयुक्त ट्रक।

- **<u>जनपद एटा/थाना अलीगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद एटा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद एटा द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 323/326ए/302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त सुखवीर को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हरदोई/थाना को0देहात (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हरदोई पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हरदोई द्वारा थाना को0देहात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त पंकज उर्फ माया प्रकाश को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद कौशाम्बी/थाना पूरामुफ्ती (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत अभियोग में धारा 6 सपठित धारा 5 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त आशीष को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————